महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांक–प्राशिप / अनु04 / 2024 / 8670 **लखनऊःदिनांक–** 04.12.2024

विषयः–विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2024 के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा–2024, माह दिसम्बर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा के अंतर्गत विशेष बैक पेपर में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षाएं **दिनांक 20–12–2024** से एवं विषम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षाएं **दिनांक 28–12–2024** से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित हैं। उपरोक्त परीक्षाएं दिनांक 13–01–2025 तक संचालित होंगी। उपरोक्त परीक्षा का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध है। कृपया परीक्षा कार्यक्रम का भलीभांति अवलोकन करते हुए यदि कोई पेपर छूट गया है अथवा पेपर में clashing है तो उसकी सूचना परिषद की ईमेल anubhag4bte@gmail.com पर तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

यह भी अवगत कराना है कि सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं की आवश्यकतानुसार अवकाश के दिनों में अतिरिक्त कक्षाएं एवं ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर समस्त पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या **दिनांक 21–12–2024** तक अवश्य पूर्ण करा लें। साथ ही साथ वर्कशॉप एवं लैब से संबंधित समस्त प्रयोगात्मक कार्य भी **दिनांक 21–12–2024** तक पूर्ण करा लें, जिससे सुचारू रूप से परीक्षा संपन्न हो सके।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु04 / 2024 / 8671-75 **तद्दिनांक–** 04.12.2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र।
5. समस्त अनुभाग अधिकारी / प्रभारी को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त परीक्षा की अपने अनुभाग से संबंधित समस्त तैयारी समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\exam dec 24.docx